**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 27 मार्च 2026, समय 18:10 (10 मिनट)**

**मुख्य समाचार**

1. केंद्र सरकार ने घरेलू खपत के लिए पेट्रोल और डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में दस रुपये प्रति लीटर की कटौती की।

2. वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने लॉकडाउन की अफवाहों को निराधार बताया, कहा - सरकार ने सुनिश्चित किया है कि पेट्रोल, डीजल और विमानन टरबाइन ईंधन की कीमतों में वृद्धि न हो।

3. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने केंद्र सरकार के पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क की कटौती के फैसले की सराहना की।

4. हरियाणा के मुख्यमंत्री ने सड़क सुरक्षा पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में यातायात नियमों के प्रति जन-जागरूकता पर बल दिया।

5. भारतीय वायु सेना के 'सूर्यकिरण एरोबैटिक डिस्प्ले' ने सुखना झील पर सटीकता, देशभक्ति और हवाई कौशल का शानदार प्रदर्शन किया।
6.रामनवमी का त्योहार पूरे धार्मिक उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है।

**********************************************************************

केंद्र सरकार ने घरेलू खपत के लिए पेट्रोल और डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में दस रुपये प्रति लीटर की कटौती की है।

सोशल मीडिया पोस्ट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि यह निर्णय पश्चिम एशिया संकट के बीच लिया गया है। उन्होंने कहा कि डीजल के निर्यात पर 21 रुपये 50 पैसे प्रति लीटर और विमानन ईंधन पर 29 रुपये 50 पैसे प्रति लीटर शुल्क लगाया गया है। श्रीमती सीतारामन ने कहा कि प्रधानमंत्री

नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने हमेशा नागरिकों को आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित की है।

************************************************************
**********

वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि पेट्रोल, डीजल और विमानन टरबाइन ईंधन-एटीएफ की कीमतों में बढ़ोतरी नहीं होगी। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बैठक की है। इसमें यह निर्णय लिया गया कि वैश्विक स्थिति के कारण पेट्रोल, डीजल और एटीएफ की कीमतों में वृद्धि नहीं होनी चाहिए।

***<u>आज इस निर्णय के कारण सप्लाई कमी नहीं होगा। जनता को डीजल भी पेट्रोल भी क्रूड भी मिलेगा और एटीएफ बहुत इम्पोर्टेंट है भारत देश का एटीएफ और हमारे कम्पनियों को एक एटीएफ मिलना आवश्यक है। मान्य प्रधानमंत्री जी ने इमर्जेंसी में एक मीटिंग बुलाई और इस विषयों के ऊपर चर्चा गोष्टि करके तुरंत निर्णय किया।</u>***

वित्त मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के एक अन्य निर्णय के अनुसार जो रिफाइनरियां विदेशों से सामग्री लेकर उन्हें भारत में परिष्कृत करती हैं और निर्यात के लिए भेजती हैं, उन्हें अब अधिक शुल्क देना होगा। लॉकडाउन की अफवाहों को निराधार बताते हुए श्रीमती सीतारामन ने लोगों को आश्वस्त किया कि कोविड महामारी के दौरान लागू किए गए लॉकडाउन जैसा कोई लॉकडाउन नहीं होगा।

************************************************************
**********

केंद्र सरकार ने डीजल और विमानन टरबाइन ईंधन पर निर्यात शुल्क लगाया है और पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क कम कर दिया है। इससे पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी और उपभोक्ताओं पर पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक तेल की बढ़ती कीमतों का असर नहीं पड़ेगा।
पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों पर अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग में अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के अध्यक्ष विवेक चतुर्वेदी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा की सरकारी तंत्र के माध्यम से हर पखवाड़े इसकी समीक्षा की जाएगी।
ब्रीफिंग में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि भारत के पास वर्तमान में  कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है।

************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने केंद्र सरकार के पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क की कटौती के फैसले की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी का आम जनता को महंगाई से बचाने का यह निर्णय, तेल कंपनियों और परिवहन क्षेत्र के भी हित में है।

************************************************************************

हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष  मोहन लाल बड़ौली ने मोदी सरकार के पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क की कटौती के फैसले की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है, जब पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतें पिछले एक महीने में लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 122 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई हैं।

श्री बड़ौली ने कहा कि दुनिया के अधिकतर देशों में ईंधन की कीमतों में वृद्धि हुई है। जबकि भारत सरकार ने खुद वित्तीय दबाव सहकर आम जनता को महंगाई से बचाने का निर्णय लिया।

इस फैसले से न केवल आम उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी, बल्कि परिवहन लागत कम होने से खाद्य पदार्थों और अन्य जरूरी वस्तुओं की कीमतों पर विपरीत प्रभाव नहीं पड़ेगा। साथ ही, तेल कंपनियों पर पड़ने वाले नुकसान को भी संतुलित करने में यह कदम सहायक होगा।

************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज चंडीगढ़ में भारतीय सड़क कांग्रेस एवं हरियाणा लोक निर्माण विभाग द्वारा 'सड़क सुरक्षा समाधान' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन किया। दो दिनों तक चलने वाली संगोष्ठी में सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार मंथन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संगोष्ठी सड़क सुरक्षा को लेकर भविष्य का खाका तैयार करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है।

उन्होंने कहा कि सड़क केवल एक भौतिक संरचना नहीं, विकास की जीवन रेखा होती है। गांव को शहर से जोड़ती है, किसान को बाजार से जोड़ती है, युवा को अवसरों से जोड़ती है और देश को प्रगति के पथ पर अग्रसर करती है। लेकिन, यह भी एक कटु सत्य है कि जहां सड़क विकास का माध्यम है, वहीं सड़क दुर्घटनाएं हमारे समाज के लिए एक गंभीर चिंता का विषय बनी हुई हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक तकनीकी विषय न होकर सामाजिक, मानवीय और नैतिक जिम्मेदारी से भी जुड़ा है। उन्होंने यातायात नियमों के प्रति जन-जागरूकता पर बल देते हुए इसे सड़क सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण पहलू बताया। उन्होंने कहा की नियम कितने भी अच्छे क्यों न हों, उनका पालन न हो तो उनका कोई अर्थ नहीं रह जाता।

संगोष्ठी में भारतीय सड़क कांग्रेस के प्रतिष्ठित सदस्यों के अलावा 350 से अधिक विशेषज्ञ, अभियंता. शोधकर्ता, नीति-निर्माता तथा शिक्षाविद भाग ले रहे हैं।

************************************************************

भारतीय वायु सेना के 'सूर्यकिरण एरोबैटिक डिस्प्ले' ने आज चंडीगढ़ की सुखना झील पर सटीकता, देशभक्ति और हवाई कौशल का शानदार प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर मुख्यातिथि , केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद ने भारतीय वायु सेना के असाधारण कौशल, अनुशासन और समर्पण की सराहना की। उन्होंने इस भव्य कार्यक्रम के आयोजन में शामिल सभी विभागों के प्रयासों की तारीफ़ की और युवाओं को प्रेरित करने तथा देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने में ऐसे प्रदर्शनों के महत्व पर प्रकाश डाला।

सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम ने हवा में कई हैरतअंगेज़ करतब दिखाए, जिनमें 'तेजस' और 'युवा' फॉर्मेशन, बैरल रोल, हाई स्पीड क्रॉस, DNA, दिल और लूप जैसे हवाई दांव-पेच शामिल थे, जो उनके बेजोड़ तालमेल और उड़ान कौशल को दर्शाते थे। चंडीगढ़ के आसमान में तिरंगे के रंग का जो धुआँ फैला, वह राष्ट्र की अदम्य भावना का प्रतीक था। फॉर्मेशन लीडर ने रेडियो टेलफोनी पर ट्राईसिटी के दर्शकों के लिए 'नीला आसमान और सुरक्षित लैंडिंग' का संदेश प्रसारित किया।

यह उत्सव कल भी जारी रहेगा। कल पंजाब के राज्यपाल और UT चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया इस हवाई प्रदर्शन की शोभा बढ़ाएंगे।

************************************************************

आज देश के अलग-अलग हिस्सों में रामनवमी का त्योहार पूरे धार्मिक उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। देशभर के राम मंदिरों में पूजा-पाठ का भव्य आयोजन किया गया।अयोध्या में भी आज लोग पूरे उत्साह के साथ रामनवमी मना रहे हैं। रामनगरी में रामनवमी के अवसर पर श्री राम जन्मभूमि मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की जा रही है।देश के कई हिस्सों में राम नवमी और अष्टमी पूजन का त्योहार एक साथ मनाया गया।

************************************************************
**********